Z-मोड़ सुरंग

स्रोत: बिज़िनेस स्टैंडर्ड

श्रीनगर-सोनमर्ग राजमार्ग पर स्थित रणनीतिक बुनियादी ढाँचा परियोजना **Z-मोड़ सुरंग** में आतंकवादी हमले में सात लोगों की मृत्यु हो गई। **जम्मू-कश्मीर में किसी प्रमुख बुनियादी ढाँचा परियोजना** पर यह पहला आतंकवादी हमला है।

Z-मोड़ सुरंग:

- यह 6.4 किलोमीटर लंबी सुरंग है, जिसका उद्देश्य श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल**सोनमर्ग को सभी मौसम में संपर्क प्रदान करना है ।**
- **मूल रूप से इसकी योजना वर्ष 2012 में सीमा सड़क संगठन (Border Roads Organisation- BRO)** द्वारा बनाई गई थी। बाद में **राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (National Highways & Infrastructure Development Corporation Limited- NHIDCL) द्वारा** एक निजी कंपनी को पुनः निविदा दी गई।

सामरिक महत्त्व:

- सुरंग का **निर्माण ऐसे क्षेत्र में किया जा रहा है जहाँ हिमस्खलन की आशंका रहती है,** जिससे शीतकाल में अधिकांश समय सोनमर्ग तक जाने वाली सड़क पर आवागमन असंभव हो जाता है।
- यह बड़ी **ज़ोजिला सुरंग** **परियोजना का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है** और लद्दाख तक सभी मौसम में संपर्क के लिये आवश्यक है, जिससे सैन्य कर्मियों को लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों तक त्वरित पहुँच की सुविधा मिलती है।
- यह संपर्क **पाकिस्तान सीमा के पास तैनात भारतीय रक्षा बलों** और **पूर्वी लद्दाख में चीनी सेना के खिलाफ तैनाती के लिये महत्त्वपूर्ण है।**

और पढ़ें: अवसंरचना परियोजनाओं को सरकार द्वारा प्रोत्साहन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/z-morh-tunnel